अनुक्रमांक [| | | | |]　　**A**　　APS-1006-(X) SSC

अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

कक्षा–10

समय : 3¼ घण्टे　　**विषय : सामाजिक विज्ञान**　　**पूर्णांक : 70**

नोट–सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। [खंड–अ]

बहुविकल्पीय प्रश्न–[प्रत्येक प्रश्न 1 अंक]

1. भोपाल झील का निर्माण कौनसी शताब्दी में करवाया गया?
(अ) 9वीं　(ब) 13वीं　(स) 11वीं　(द) 10वीं　( )
2. जिला परिषद् का मुखिया कौन होता है?
(अ) प्रधान　(ब) जिला प्रमुख　(स) महापौर　(द) सांसद　( )
3. निम्न में से कौनसी खरीफ की फसल नहीं है–
(अ) गेहूँ　(ब) चावल　(स) बाजरा　(द) मक्का　( )
4. भूदान आन्दोलन की शुरुआत किसने की?
(अ) विनोबा भावे　(ब) महात्मा गाँधी
(स) वल्लभ भाई पटेल　(द) जवाहरलाल नेहरू　( )
5. राजस्थान में स्थानान्तरित कृषि को क्या कहते हैं?
(अ) वालरे　(ब) मिल्पा　(स) झूम　(द) रे　( )
6. निम्नलिखित में से कौनसा ऊर्जा का गैर परम्परागत स्त्रोत है–
(अ) कोयला (ब) विद्युत　(स) बायोगैस (द) प्राकृतिक गैस　( )
7. भारत के ग्रामीण क्षेत्र में किस क्षेत्रक का सर्वाधिक योगदान है?
(अ) प्राथमिक　(ब) द्वितीयक　(स) तृतीयक　(द) ये सभी　( )
8. बहुजन समाज पार्टी का गठन कब हुआ?
(अ) 1980　(ब) 1984　(स) 1987　(द) 1999　( )
9. भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को मान्यता प्राप्त है?
(अ) 14　(ब) 22　(स) 28　(द) 18　( )
10. विश्व में सर्वप्रथम मुद्रण की तकनीक का आविष्कार किस देश में हुआ–
(अ) चीन　(ब) जापान　(स) भारत　(द) अमेरिका　( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये। (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)

1. पीवीसी पाइप का इस्तेमाल करके .... एकत्रित किया जाता है।
2. रबी की फसल को .... के मौसम में बोया जाता है।
3. 1992 रियो डी जेनेरा में .... सम्मेलन का आयोजन किया गया।
4. कांग्रेस के ...... अधिवेशन में असहयोग आंदोलन की स्वीकृति पर मोहर लगा दी गई।
5. जब वस्तुओं का लेन-देन बिना मुद्रा के प्रयोग से आपस में ही किया जाता है ऐसी व्यवस्था को .... कहते हैं।
6. श्रीलंका सन् .... में स्वतंत्र राष्ट्र बना।
7. लोकतंत्र नागरिकों में .... को बढ़ावा देता है।

अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न का 1 अंक) [शब्द सीमा 1 शब्द या 1 पंक्ति]

1. गृहयुद्ध क्या है?
2. बाँधों को 'आधुनिक भारत के मंदिर' की संज्ञा किसने दी है?
3. अजैव संसाधन किसे कहते हैं?

4. मौसमी बेरोजगारी किसे कहते हैं?
5. राष्ट्रीय विकास से आप क्या समझते हैं?
6. राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट को कब लागू किया गया था?
7. नारीवाद आंदोलन से आप क्या समझते हैं?
8. विश्व बैंक की स्थापना क्यों की गई थी?
9. उपभोक्ता आंदोलन की शुरुआत किस कारण से हुई थी?
10. राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस भारत में प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?
11. पारादीप पतन किस राज्य में स्थित है?

खण्ड–ब

लघुत्तरात्मक प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न 2 अंक) (शब्द सीमा : 50 शब्द)

1. साइमन कमीशन भारत कब व क्यों आया था?
2. साम्प्रदायिकता से आप क्या समझते हैं?
3. अवर्गीकृत वन किसे कहते हैं?
4. सहकारी समिति का गठन क्यों किया जाता है?
5. असंगठित क्षेत्र से क्या तात्पर्य है?
6. मृदा अपरदन को रोकने के दो कारणों का उल्लेख कीजिए।
7. संयुक्त उद्योग किसे कहते हैं?
8. लोकतंत्र में सत्ता की साझेदारी क्यों आवश्यक है?
9. विनिर्माण या वस्तु निर्माण से आप क्या समझते हैं?
10. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का अर्थ बताइये।

खण्ड–स

दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न 3 अंक) (शब्द सीमा : 100 शब्द)

1. ब्रेटन वुडस समझौता क्या था? समझाइये।

अथवा

मनरेगा 2005 के क्या-क्या उद्देश्य है ?

2. वैश्वीकरण से आप क्या समझते हैं? अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिये।

अथवा

जब फ्रांस छींकता है तो शेष यूरोप को सर्दी लग जाती है। इस कथन को समझाइये।

3. भारत के औद्योगिक विकास पर प्रथम विश्वयुद्ध का क्या प्रभाव पड़ा?

अथवा

भारत में किन्हीं चार परमाणु या परमाणु ऊर्जा स्टेशनों के नाम बताइये।

खण्ड–द

निबन्धात्मक प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न 4 अंक) (शब्द सीमा : 250 शब्द)

1. वर्तमान में राजनीतिक दलों के लिए क्या-क्या चुनौतियाँ हैं? वर्णन कीजिए।

अथवा

राजनीतिक दलों के प्रमुख कार्यों का वर्णन कीजिये।

2. चीन में मुद्रण के इतिहास को विस्तार से समझाइये। **अथवा**

प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किसने किया? उसने प्रिंट तकनीक का विकास कैसे किया वर्णन कीजिये।

3. भारत के मानचित्र में निम्न स्थानों को अंकित कीजिए। (5

(i) झाबुआ (ii) बोकारो (iii) अकलेश्वर (iv) तलचर (v) नेवेली

□□□